हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 अप्रैल 2024

04 निर्धारित जगह से आगे तक हुआ खनन शिकायत के...



05 ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्रामीण...





## खबर संक्षेप

### 2024 में जोड़े गए चार नए विषय

**सीहोर।** राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में चार नए विषय बढ़ाए गए हैं। अब यह परीक्षा 24 विषयों के लिए होगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया है।
एमपीपीएससी ने द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी।
एमपीपीएससी द्वारा पूर्व में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 20 विषयों के लिए पात्रता परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब नए विषयों में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, रक्षा और रणनीतिक अध्ययन, संगीत और पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान को शामिल किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरु होगी।

### चुनाव में गंभीरता बरतें अधिकारीः कलेक्टर

**सीहोर** । लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### 25 अप्रैल तक भेज सकते हैं प्रविष्टि

**सीहोर** । मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए का दिया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजना होगी।

### आईआईटीः प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर** । आईआईटी इंदौर में पीजी प्रोग्राम एमटेक और एमएस (रिसर्च) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही अलग-अलग विभागों में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन भी बुलाए गए हैं। गेट स्कोर के आधार पर एमटेक और एमएस में एडमिशन होंगे। खास बात यह है कि इसके लिए दो केटेगरी बनाई गई हैं। पहली केटेगरी टीचिंग असिस्टेंट और दूसरी नॉन-टीचिंग असिस्टेंट की हैं। नॉ-टीचिंग असिस्टेंट केटेगरी में आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 मई है। इस वर्ष गेट परीक्षा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलुरु द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 16 मार्च को घोषित किया गया।

---

### कूटरचित दस्तावेजों से नाबालिग को बालिक बनाकर 5 करोड़ 85 लाख की स्वीकृत करवाई राशि

# कुंडलिया पुनर्वास घोटालाः लोकायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप बने कुंडालिया डेम में डूब प्रभावित ग्रामों में भूअर्जन एवं पुनर्वास के मुआवजे में हुई आर्थिक अनियमितताओं की परतें अब धीरे - धीरे खुलने लगी है। मामले में जहां आगर जिला कलेक्टर द्वारा 117 हितग्राहियों के खाते पूर्व में फ्रीज करने के आदेश जारी किए थे वही अब इस बहुत चर्चित मामले में लोकायुक्त द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। इधर मामले में जिला प्रशासन द्वारा एक अधिकारी तथा एक कर्मचारी को निलंबित किया गया है। लेकिन जनचर्चाओ में आशंका जाहिर की जा रही है कि इसमें संलिप्त सभी चेहरे बेनकाब होंगे या नोटिस की औपचारिकता के बाद लीपा पोती का खेल हो जाएगा। कुंडालिया बांध परियोजना के क्रियान्वयन अंतर्गत भूअर्जन के साथ ही विस्थापित ग्रामीणों को पुनर्वास राशि दी जाना थी। नियमानुसार पुनर्वास की यह राशि डूब प्रभावित सभी वयस्कों को मिलना थी।

इसी पुनर्वास राशि को लेकर कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर राशि प्राप्त करने के आरोपो के बाद कलेक्टर ने तहसील के ग्राम भंडावद के ऐसे 117 हितग्राहियों के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश पूर्व में जारी किए गए थे। कलेक्टर के आदेश के बाद तहसील न्यायालय द्वारा सभी संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त की गई पुनर्वास की 5 लाख की राशि 16 अप्रैल या उससे पूर्व तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर जमा करवाने का कहा गया था। इसके पश्चात लगभग एक करोड



रुपए की राशि संबंधित हितग्राही द्वारा जमा करवाई गई है। जिला कलेक्टर द्वारा फ्रीज किए गए इन खातों में शासन द्वारा 5 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि डाली गई थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अवयस्को को वयस्क बता कर बिचोलिया ने पुनर्वास राशि हेतु प्रकरण स्वीकृत करने का जमकर खेल खेला गया । जिसमें बिचोलिया ने निचले स्तर से लेकर जिला स्तर तक जवाबदार अधिकारियों की संलिप्ता के चलते राशि स्वीकृत करवाई थी।

इस मामले में लोकायुक्त में हुई शिकायत के बाद लोकायुक्त द्वारा मामले में संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस (सूचना पत्र) जारी किए गए है। गौरतलब है कि कुंडालिया बांध परियोजना के निर्माण व नहर निर्माण के दौरान भूअर्जन व पुनर्वास के लिए शासन द्वारा प्रदान किये गए मुआवजे में शुरुआत से ही लंबा खेल खेला जा रहा है। इसमें असिंचित कृषि भूमि को सिंचित कर, मकानों व पुनर्वास के लिए कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से करोड़ो रूपये का मुआवजा प्रदान किया गया है। उक्त मामलों में जिम्मेदार कर्मचारी,अधिकारियों की भूमिका सर्वाधिक शंका के दायरे में है। क्योंकि ऐसे कूटरचित दस्तावेज बगैर अधिकारी कर्मचारियों की सहमति अथवा उनके बगैर बन नही सकते है। यदि प्रारंभिक स्तर पर जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी कूटरचित दस्तावेज तैयार करने में सहायक नही होते तो मुआवजा राशि की बंदरबाट का यह खेल हो ही नही सकता था। आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि बांध के निर्माण के लगभग 5 वर्ष से भी अधिक समय बाद लगातार मुआवजा प्रकरण प्रस्तुत किये जा रहे है और उन्हें स्वीकृत कर आला अफसर मुआवजा राशि भी डाल रहे है। जोकि स्वयं ही कई प्रश्नों को खड़ा कर रहे है। वही दूसरी ओर आज भी डूब प्रभावित ग्रामो के कई वास्तविक प्रभावित मुआवजे के लिए शासन के विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। क्योंकि उनके पास सिस्टम को खुश करने के लिए खनकते सिक्के नही है।

मामले में जल संसाधन मंत्री सहित प्रदेश स्तर पर बैठे जिम्मेदारों को भी तत्काल संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर भी वैद्यानिक कार्यवाही की जाना चाहिए। साथ ही इनके द्वारा किये गए करोड़ो रुपये के भ्रष्टाचार के चलते हितग्राहियों को प्रदान किये गए फर्जी तरीको से मुआवजा राशि की वसूली भी की जाना चाहिए। क्योंकि शासन द्वारा इस तरह के कूटरचित दस्तावेजों से प्रदान किये मुआवजे का आधे से अधिक हिस्सा इन भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी की जेब में गया है। हितग्राही तो मात्र कुछ प्रतिशत राशि प्राप्त कर पाया है। अब देखना होगा कि लोकायुक्त द्वारा की जा रही जांच के बाद भूअर्जन एवं पुनर्वास के मुआवजे में हुवे भ्रष्टाचार की और परतें खुलेगी। कुंडलिया पुनर्वास के बहुचर्चित मामले में सरकार यदि निष्पक्ष जांच एजेंसी से प्रारम्भ से लगाकर आज तक के मुआवजा प्रकरणों की बारीकी से जांच करवाएं तो निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ ही प्रशासन में बैठे कई बड़े चेहरे भी बेनकाब हो सकते है।

#### 5 करोड़ 85 लाख का जारी हुआ था अवार्ड

जुलाई एवं अगस्त माह में अनु विभागीय अधिकारी राजस्व सुसनेर ने 117 हितग्राहियों के खाते में पुनर्वास राशि जारी करने का अवार्ड पारित किया गया था। इसके तहत 5 करोड़ 85 लाख रुपए जारी हुए थे जो सीधे हितग्राहियों के खाते में जमा हुए मार्च 24 में पुनर्वास अवार्ड को लेकर जब अनियमितता का मामला सामने आया तो जिला कलेक्टर द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों को फ्रीज करने के आदेश जारी किये गए थे। सूत्रों के अनुसार बैंक से अधिकांश हितग्राहियों द्वारा राशि का आहरण भी किया जा चुका है।

#### जांच की जा रही है

कुंडलिया परियोजना पुनर्वास मामले में लोकायुक्त द्वारा जांच की जा रही है। जिन हितग्राहियों के खातों में राशि जमा करवाई गई थी उनसे एक करोड़ रुपए की राशि की वसूली की जा चुकी है। मामले में मेरे द्वारा कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है।


**राघवेंद्र सिंह,** जिला कलेक्टर जिला आगर मालवा

---

## अहिंसा व करुणा के अवतार भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर निकलेगा चल समारोह

### शहर में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण पर महावीर के जयकारों के साथ श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर में सामूहिक रथ यात्रा निकाली जावेगी। जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को सकल जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा व अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों की प्रतिमूर्ती, मानवता का पथ आलोकित करने वाले जैन धर्म के चौंबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समाजजनों द्वारा नगर में भगवान की रथ यात्रा का चल समारोह निकाला जावेगा। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा रविवार प्रातः चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी में परमात्मा का अभिषेक, पूजन, आरती की जावेगी। प्रातः 6:30 बजे जिन मंदिर जी से श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं यूनिक ग्रुप द्वारा जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली जावेगी। प्रातः 8:30 बजे मंदिरजी में पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम होगा पूजन हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जावेगी। प्रातः 9 बजे श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर में जन्म कल्याणक पर रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों तथा महिलाओं द्वारा भाग लिया जावेगा। रथ यात्रा में परमात्मा को रजत पालकी में विराजित किया जाएगा वहीं परमात्मा के चित्र को सजाकर रथ यात्रा में शामिल किया जाएगा। प्रमुख मार्गो से चल समारोह नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचेगा। जहां स्नात्र पूजन पश्चात कलश भर कर लाए जावेगें तथा मंदिर जी मे परमात्मा का अभिषेक किया जाएगा। दिगंबर जैन समाज द्वारा भी जन्म कल्याण के अवसर पर मंदिर जी में श्री जी का पूजन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समाजजनों द्वारा किए जाएंगे। श्वेतांबर जैन समाज द्वारा चौक बाजार स्थित धर्मशाला में समाज का साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है वहीं रात्रि 7:30 बजे जिन मंदिरजी में परमात्मा की आरती का कार्यक्रम होगा।

---

## पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

### 60 जोड़े परिणय बंधन में बधेंगे, सम्मेलन स्थल पर ध्वज स्थापना का हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्रीय पाटीदार समाज द्वारा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 अप्रैल को ग्राम हिरन खेड़ी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 60 जोड़े परिणय बंधन में बंधेंगे। सामूहिक सम्मेलन को लेकर समाजजनों द्वारा ध्वज स्थापना का कार्यक्रम विधि विधान के साथ किया। क्षेत्रीय पाटीदार समाज द्वारा आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए सम्मेलन स्थल पर सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसी के साथ सम्मेलन स्थल पर ध्वज स्थापना कार्यक्रम समाज जनों की उपस्थिति में विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ किया गया। विवाह समारोह समिति सदस्यों ने बताया कि सामूहिक विवाह में समाज के 60 जोड़े शामिल होंगे। वर- वधू पक्ष से निर्धारित सहयोग राशि समिति द्वारा जमा करवाई गई है। सामूहिक विवाह समारोह समिति द्वारा वर - वधु को गृहस्थी की सभी आवश्यक सामग्री एवं उपहार भेंट किए जाएंगे। समिति द्वारा सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों के



अभिभावकों से निवेदन किया गया कि वह अलग से कोई समारोह आयोजित न करें। समिति द्वारा व्यस्क जोड़ों को ही इस सम्मेलन में सम्मिलित किया जाएगा।

---

### कलेक्टर ने छात्रवृत्ति भुगतान की समीक्षा की गई

*नलखेड़ा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत छात्रों का छात्रवृत्ति भुगतान की विस्तारपूर्वक समीक्षा की । कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक पात्र अनुसूचित जाति एवं जनजातिय वर्ग के समस्त अध्ययनरत छात्रों के शत-प्रतिशत प्रोफाईल पंजीयन करवाकर छात्रवृत्ति स्वीकृत एवं भुगतान कराने के निर्देश समस्त विकासखण्डक शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्यो को दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग एवं समस्त संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।*

---

### कवायद शुरूः जून में हो सकती है पीएटी, यूजी कोर्स में 1110 सीटों पर होगा प्रवेश

# चार साल बाद कृषि महाविद्यालय में समय पर प्रवेश देने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के दो कृषि महाविद्यालय से संबद्ध 17 कृषि कॉलेज में प्रवेश 4 साल से देरी से हो रहे हैं। इसका कारण प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) का देरी से आयोजन होना है। लेकिन इस साल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विभाग को पीएटी करने के लिए प्रस्ताव पिछले माह ही भेज दिया था। इससे कर्मचारी चयन मंडल ने जून में पीएटी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि रिजल्ट जून में ही जारी हो जाएगा। तो जुलाई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो माह के अंदर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर हर हाल में सितंबर में कक्षाएं लगाने की तैयारी की गई है। जिससे कृषि विश्वविद्यालय का सत्र पटरी पर लौट सके। बता दें कि शहर के आएके कॉलेज में भी चार साल से छात्र परेशान हो रहे हैं। बता दें कि कोरोना की दस्तक देने के बाद सत्र 2020-21 से प्रदेश के दो कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज में प्रवेश देरी से हो रहे हैं। पीएटी में इस साल लगभग 30000 विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। जबकि प्रदेश के दो कृषि विश्वविद्यालय में यूजी कोर्स की सीटें 1110 हैं। समय पर परीक्षा व प्रवेश होने से 30 हजार

#### छात्र बोले- परीक्षा की तैयारी करने का पूरा समय नहीं मिला

छात्रों को कहना है कि नियम अनुसार कक्षा नहीं लगने व परीक्षा की तैयारी करने का उन्हें पूरा समय नहीं मिला। इससे उनका रिजल्ट बिगड़ेगा। अब बीएससी कृषि सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा जुलाई तक करने की तैयारी चल रही है। वहीं 4 साल पहले जिन छात्रों ने प्रवेश लिया था वे अब फाइनल ईयर में पहुंच गए हैं, ऐसे छात्र नौकरी के अवसर नहीं गवाएं इसके चलते विश्वविद्यालय ने मई में परीक्षा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जबकि रिजल्ट जून तक जारी हो सकता है। छात्रों को प्रवेश के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जो छात्र पीएटी में उत्तीर्ण नहीं होंगे वे समय पर दूसरे कोर्स पर प्रवेश ले सकेंगे।

**सत्र लेट होने पर 6 की जगह 3 माह में ही करा दी परीक्षाएंः** पिछले साल जिन छात्रों ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेज में प्रवेश लिया था, कृषि उनका सत्र 6 माह लेट था। राजभवन के अकादमिक कैलेंडर के अनुसार परीक्षाएं कराने के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय ने 6 की जगह तीन माह कक्षा लगाकर ऐसे छात्रों की परीक्षाएं करा दी हैं। पिछले साल जुलाई में हुई थी पीएटी, रिजल्ट अक्टूबर में आया पिछले साल 6 माह देरी से प्रवेश प्रक्रिया आयोजित हुई थी। इसका कारण 11 व 12 जुलाई को पीएटी का आयोजन हुआ था, जबकि मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने रिजल्ट 3 अक्टूबर को जारी किया था। वहीं काउंसलिंग नवंबर 2023 से शुरु होकर जनवरी 2024 तक आयोजित हुई। इससे छात्रों के प्रवेश एक सेमेस्टर देरी से हुए थे। इस तरह का मामला कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसरों तक पहुंचा था कि चार साल से पीएटी का आयोजन व रिजल्ट देरी से हो रहा है। जिसके चलते कर्मचारी चयन मंडल ने जून में पीएटी कराने का शेड्यूल जारी किया है।

---

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास्क पोर्टल पर आवेदन 30 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये MPTAASC पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रेल 2024 तक के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। निर्धारित नवीन तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से एप्लाई कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था, विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जावेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस से नाराजगी के चलते भल्ला ने थामा भाजपा का दामन



**देवास।** शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजित भल्ला ने भाजपा का दामन थाम लिया। भल्ला के भाजपा में जाने की खबरे चल रही थी, कांग्रेस नेता उन्हें मनाने भी पहुँचे थे।लेकिन इन सब पर शुक्रवार को विराम लग गया और भल्ला ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भल्ला भाजपा कार्यालय पहुँचे और सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल व भाजपा सांसद प्रत्याशी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भल्ला का स्वागत किया।भल्ला ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर वे भाजपा में शामिल हुए है। कांग्रेस पार्टी में रहते हुए उन्हें तकलीफ हुई। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को प्रभावशाली पार्टी कहा। साथ ही कहा कि सांसद के आग्रह पर गुरु महाराज का काम हुआ है सांसद ने तत्काल प्रभाव से कार्य करवाया है। भले ही कांग्रेस के साथियों को बुरा लगा होगा लेकिन कांग्रेस संग ऐसी राजनीति करने से कोई मतलब है।बता दे कि बीते दिन अजित भल्ला ने कांग्रेस की बैठक में भाजपा सांसद के किये गए कार्यों की प्रशंसा की थी उस दौर पार्टी के नेताओ ने उन्हें टोका और रोका था विवाद की स्थिति भी बनी थी। तभी से भल्ला का पार्टी से मोह भंग हो गया था। जिसके बाद से ही उनके पार्टी छोड़ने की चर्चा हो रही थी और आज उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया।

### प्रशासनिक आदेश में ठेकेदार ने छेड़छाड़ कर किया अवैध खनन

# निर्धारित जगह से आगे तक हुआ खनन शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने आदेश में छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



मध्य प्रदेश राज्य भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 47 के निर्माण कार्य के दौरान एक आश्चर्यचकित कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें ठेकेदार द्वारा प्रशासनिक आदेश में फर्जी तरीके से बदलाव कर खनन करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कहां जाए तो ठेकेदार के अंदर प्रशासनिक तंत्र का कोई डर नहीं है और अपने निजी लाभ के लिए सारे नियम कायदे ताक पर रख कर प्रशासन के आदेश का उल्लंघन किया गया।

जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग निर्माण के लिए राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर खनिज विभाग व्दारा ठेकेदार को मुर्रम खनन के लिए शासकीय भूमि चयन कर भूमि दी गई थी। उक्त आदेश में दिए गए मापदंडों के साथ ठेकेदार द्वारा छेड़छाड़ की गई है। उक्त मार्ग निर्माण का मेसर्स श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी भोपाल व्दारा ठेका लिया गया है। उक्त कम्पनी ने अन्य छोटे ठेकेदारों को पेटी कांट्रेक्ट पर ठेके दिए और यह ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा देवास व्दारा 29 फरवरी 2024 को आदेश क्र 5044/5046 अनुमति पत्र जारी किया था। जिसमें ग्राम पिपल्यासाहब सर्वे नम्बर 96/1,96/2एवं सर्वे नम्बर 07 में शासकीय भूमि पर खनन के लिए आदेश जारी किया गया था, लेकिन पेटी कांट्रेक्टर खेमा जाट,श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर,जसवंत जाट सुपरवाइजर व्दारा शासकीय आदेश में बदलाव कर फर्जी आदेश किसानों को दिखाया गया। आदेश में कच्चे रास्ते,आम रास्ते से 10 मीटर एवं शासकीय जलाशय,तालब से 50 मीटर जगह छोड़कर खनन करना था, लेकिन ठेकेदार ने फर्जी तरीके से आदेश में बदलाव कर 10 मीटर कि जगह 1 मीटर एवं 50 मीटर जगह 5 मीटर कर दिया। किसान ओमप्रकाश जाट,राजेश जाट ने बताया कि ठेकेदार द्वारा फर्जी आदेश बनाकर किसनो को दिखाया गया। जब इस संबंध में ओरिजिनल आदेश देखा गया, तो उसमें कुछ और ही लिखा हुआ था। जब किसानों ने इसका विरोध किया तो किसानों को झूठे केस में फंसा कर कार्यवाही करने की भी धमकी ठेकेदार द्वारा दी गई। आश्चर्य की बात यह है, ठेकेदार की इतनी हिम्मत कैसे हुई ,प्रशासनिक आदेश में अपनी मर्जी से ही बदलाव कर उसकी फर्जी प्रिंट निकाल ली, हालांकि किसान द्वारा इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर ,एसपी कार्यालय ,खनिज कार्यालय देवास में लिखित शिकायत की गई है,लेकिन खनिज विभाग द्वारा आज दिनांक तक इस मामले को लेकर किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं की गई है। किसानों ने बताया कि पटवारी द्वारा सीमांकन किया गया था। उसके बावजूद रात्रि में उसके भी ठेकेदार द्वारा उसके विपरीत खनन किया गया। जहां पर खनन किया गया है। वहां पर मुख्य मार्ग है ,आसपास आदिवासी परिवार भी निवास करते हैं। वहीं पर पानी की टंकी बनी हुई है, एवं जल जीवन मिशन की पाइप लाइन भी निकली हुई है, पेयजल टंकी भी बनी है। साथी ही 11000 केवी के बिजली के तार भी निकले हुए हैं। लेकिन ठेकेदार ने अपने फायदे के लिए काम किया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा खनन के दौरान निकली मिट्टी अन्य लोगों को बेच दी गई है। हालांकि इतना सब कुछ होने के एवं शिकायत होने बावजूद जिम्मेदार अधिकारी क्यों मौन बैठे हैं यह समझ से परे है। ठेकेदार द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया जा रहा है, इससे सरकार के राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। ठेकेदार द्वारा जहां पर खुदाई की गई है, वहां पर कहीं जगहों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में मार्ग से गुजरने वाले किसानों के लिए चिंताजनक साबित हो सकते हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी को इस मामले की जानकारी तक नहीं है।

#### पत्र में नहीं की छेड़छाड़

मेरे द्वारा अनुमति पत्र में किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ कर बदलाव नहीं किया गया है, आदेश के अनुसार ही काम किया जा रहा है। किसानों द्वारा जो आरोप लगाया जा रहा है,वह गलत है।

**खेमा जाट,** कांट्रेक्टर श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर

#### की है लिखित शिकायत

कलेक्टर, एसपी एवं खनिज विभाग में लिखित में 12 अप्रैल को शिकायत की गई है, लेकिन आज तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। कमिश्नर को भी शिकायत की जाएगी।

**ओमप्रकाश जाट,** किसान

#### जानकारी में नहीं मामला

मेरी जानकारी में यह मामला नहीं है,आप मुझे दोनों आदेश कि प्रतियां भेजे, देखकर इस मामले को दिखवाती हूं।

**रश्मि पांडे,** खनिज जिला अधिकारी देवास

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार को विवाहिता ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के मायके पक्ष का आरोप था कि उसे जमाई और ससुराल के लोगों ने मिलकर मारा हैं। मामले को लेकर औद्योगिक थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सयाजी द्वार रखकर प्रदर्शन कर चक्काजाम करने का प्रयास किया। परिजनों का कहना था कि उनकी बेटी को मारा है उसने फांसी नहीं लगाई है। घटना की जानकारी मिलने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, नगर पुलिस अधीक्षक दिशेष अग्रवाल सहित औद्योगिक थाना प्रभारी व पुलिस बल पहुंचा और परिजनों को समझाईश देकर वहां से हटाया।
जानकारी के अनुसार अनुराधा पति राहुल कुंवर उम्र 26 वर्ष निवासी नागदा ने गुरुवार दोपहर में अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतिका के मायके से उसके भाई पिता सहित अन्य लोग पहुंचे और उन्होनें ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए बताया था कि मृतिका के पति व ससुराल वालों ने उसे मारा है। उसने फांसी नहीं लगाई है। पुलिस ने बताया कि मायके पक्ष के लोगों की नाराजगी और गुस्सा होने पर मृतिका के पति को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। शुक्रवार सुबह मृतिका का पोस्टमार्टम कर शव मायके वाले ले गए। मृतिका के ससुर मुरारी कुंवर ने बताया कि घर पर कोई नहीं था सभी लोग गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से घर पहुंचे तो अनुराधा फांसी के फंदे पर टंगी हुई थी। मामले में नगर पुलिस अधीक्षक दिशेष अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के ग्राम नागदा का मामला है एक 26 वर्षीया महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों का आरोप है कि ससुराल के लोगों ने महिला का गला घोंटकर उसकी हत्या की है।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर शुक्रवार को देवास आबकारी विभाग की वृत्त टोंकखूर्द में बड़ी कार्यवाही की। धारा 34(2) में कुल 02 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त मदिरा में कुल 735 पाव प्लेन देशी मदिरा, 34 पाव विदेशी मदिरा,04 पाव रम एवं 58 केन बीयर जप्त किए गए, जिसमे देशी प्लेन मदिरा कुल 132.3 बल्क लीटर , विदेशी व्हिस्की एवं रम मदिरा कुल 6.84 एवं बीयर कि कुल मात्रा 29 लीटर अवैध मदिरा मौके से बरामद किए गए।

उसी प्रकार शुक्रवार को ही मुखबिर की सुचना पर ग्राम आलरी में 02 बंद पड़े सुने मकान कि तलाशी लेने पर 735 पाव देशी मदिरा प्लेन , 34 पाव एमडी और आईबी व्हिस्की,04 पाव एमडी रम एवम 58 केन पावर बीयर जप्त की गई । कुल 168.14 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने के कारण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत 02 प्रकरण पृथक पृथक अज्ञात में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। मदिरा की अनुमानित बाजार मूल्य 68310/ रूपए है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक डी पी सिंह, राजकुमारी मंडलोई, निधि शर्मा,प्रेम यादव, दिनेश भार्गव, उमेश स्वर्णकार, विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद एवम आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार ,दीपक धुरिया आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जैसवाल,गोविंद बड़ावदिया, सनत ओझा, नितिन सोनी, आशीष, भगवान परते, निकिता की अहम भूमिका रही।

### डंपर की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**चापड़ा।** इंदौर रोड पर शुक्रवार सुबह डंपर की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर रोड पर मुरम से भरे डंपर की डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि सेवाबाई पति चंपालाल भील उम्र 70 वर्ष निवासी ग्रीट कालोनी गुराडिया फाटा सडक किनारे खड़े डंपर के पीछे छांव में बैठी थी,उसी दौरान डंपर चालक को ने डंपर रिवर्स ले लिया। डंपर का टायर महिला के ऊपर चढ़ गया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

# भगवान का जैसा रूप होता है वैसा ही उनका नाम होता है: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जप, तप, साधना, समाधि न हो अगर राम का नाम ले लिया तो जीवन के प्रारंभ से अंत तक जीवन में एक ही रस होगा वो है राम नाम। राम का नाम राम से बढ़कर है।

दुष्टों का दमन करना, पाप का हरण भगवान के लिए छोटी बात है। भगवान ने जब भी अवतार लिया तब उन्होंने भक्तों का उद्धार ही किया है। भगवान का जैसा रूप होता है वैसा ही उनका नाम होता है। दशरथ के चारों नंदनों का नामकरण संस्कार की व्याख्या करते हुए आपने कहा कि प्रभु राम का नाम जगत को तारने वाला है। लक्षमण सृष्टि का आधार है, भरत त्याग और समर्पण का नाम है, क्रोध, काम, मद का जो हरण कर ले उसका नाम शत्रुधन रखा गया। जीवन में भक्ति हो और ज्ञान नहीं हो तो अहंकार पैदा होता है, भक्ति तो जब जल में मिल जाती है चरणामृत बन जाती है। जीवन में क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, कामना रहती है अगर क्रोध न हो तो धर्म की स्थापना न हो, लोभ न हो तो भरण पोषण नहीं होगा, ईर्ष्या न हो तो स्वयं को श्रेष्ठ नहीं बना पाओगे।

कामना न हो तो संस्कार पैदा नहीं कर पाओगे। साध्वी ऋतुम्भरा दीदी मां ने भारत में पहला सैनिक स्कूल अपने वात्सल्य ग्राम में बेटियों के लिए खोला है। हिमाचल की गोद में बेटों के लिए सैनिक स्कूल खोला है जहां शास्त्र के साथ शस्त्रों और अनुशासन का ज्ञान कराया जाता है। कथा में गुरू विश्वामित्र द्वारा राम और लक्षमण को यज्ञ की रक्षा करने हेतु ले जाने का वर्णन आध्यात्मिक रूप से किया। पुष्पवाटिका में प्रभु राम से सीता के मिलन का श्रृंगार रस के साथ बड़े ही सुंदर भजनों की प्रस्तुति के साथ वर्णन किया गया। आपने कहा कि जब राम को सीता से प्रेम हुआ तो यह चर्चा उन्होंने लक्षमण से की।

भगवान वैराग्य को हृदय की बात बताते हैं। धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयं के दृष्टांतों का सुंदर चित्रण झांकी के साथ प्रस्तुत हुआ। श्रोतागण आनंद के साथ भाव विभोर हुए। आरती में विशेष रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य माधवानंद दुबे, महेश गर्ग, एस आई राजेश पटेल, किशोर गेहलोत, मनोहरसिंह ठाकुर, मोहनलाल शर्मा, बाबूलाल नरवरिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। व्यासपीठ की पूजा दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग, जयेश गर्ग एवं प्राची गर्ग ने की।

# राम जन्म उत्सव पर पांच जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भगवान प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानो के साथ महाआरती कर बडे धुम-धाम के साथ श्रीराम मंदिर इटावा पर मनाया गया। जय श्रीराम के जयकारों के साथ मंदिर प्रांगण में गौमाता का प्रवेश नवनिर्मित गौशाला में विधिवत पुजन कर कराया गया। श्रीराम हनुमान सेवा संचालन समिती अध्यक्ष दिलीप बांगर ने बताया कि राम जन्म उत्सव से लेकर हनुमान जन्म उत्सव तक आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ वर्ष 2000 से लगातार प्रभु श्री राम की सामाजिक समरसता के बताये मार्ग पर चलते हुए जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने सम्पूर्ण समाज को संगठित कर रामराज्य की स्थापना की थी, उसी उद्देश्य को लेकर सर्वजातिय निःशुल्क विवाह संस्था द्वारा राम जन्म उत्सव पर सम्पन्न कराया गया। 18 अप्रैल को जरूरतमंद परिवारों की 5 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह अवसर पर समिति द्वारा प्रत्येक कन्याओ का भेट स्वरूप गृहस्थी का सामान प्रदान कर उपस्थित सैकडो की संख्या में परिवार जनो को भोजन आदि की व्यवस्था संस्था द्वारा निशुल्क की गई। आयोजित कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार, भा.ज.पा जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, समाजसेवी रमेश कुमार अग्रवाल ने शामिल होकर प्रभु श्रीराम का पूजन कर नव विवाहीत वर-वधु को शुभ आशिर्वाद प्रदान किया। सम्पूर्ण आयोजन में समिति के भेरूसिह ठाकुर, संतोष सिंह चावडा, आशा बांगर, कैलाश मामा गेहलोद, जितमल प्रजापति, मुकुल बांगर, राहुल ठाकुर, राजेश भावसार, राधेश्याम को, गुलाबराव कोलणकर, शहदेव माकोडे, मोनिका बांगर, मारुतीराव बारस्कर के साथ कई सदस्य उपस्थित थे।

# जैन समाज शहर में धूमधाम से मनाएगा महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जंयती समग्र जैन समाज देवास द्वारा 21 अप्रैल रविवार को अपूर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाई जावेगी। इस अवसर पर विशाल आकर्षक शोभा यात्रा प्रात 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड से निकाली जाएगी। जयंती की पूर्व संध्या पर विशाल वाहन रैली शाम 5 बजे सयाजी द्वार से निकाली जाएगी। शाम 7 बजे एक शाम महावीर के नाम के अंतर्गत समाज की माता बहनों एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति मंडी धर्मशाला पर दी जाएगी। 21 अप्रेल को प्रात 7.30 से 8.30 बजे तक श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर समग्र जैन समाज की नवकारशी आयोजित होगी। अनेक आकर्षणों से सुसज्जित विशाल जन समुदाय को समेटे इस शोभा-यात्रा में चांदी के रथ में भगवान महावीर स्वामी विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे।

सुसज्जित झांकियाँ भी चल समारोह की शोभा बढ़ाएगी। भजन मंडलियां भक्ति गीत गाते हुए चलेगी। शोभा यात्रा में जैन समाज द्वारा मतदान हेतु जागरूकता लाने के लिए मातृ शक्ति अपने दो पहिया वाहनों पर मतदान अपील की तख्तियों के साथ मतदान जागरूकता रैली के रूप में आगे चलेगी। मार्ग में अनेक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। महिलाए मस्तक पर 108 कलश धारण किए हुए शोभायात्रा में उपस्थित रहेगी। देवास नगर के सभी जैन मंदिर एवं स्थानक पर दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए बड़ा बाजार, रज्जब अली मार्ग, कवि कालिदास मार्ग, जनता बैंक, कैलाश जैन मानव चौराहा, एम.जी. रोड़, पिपली बाजार, सरदार पटेल मार्ग, सुतार बाखल, पीठा रोड़, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ एवं श्रमण संस्कृति सदन नयापुरा पर शोभा यात्रा समाप्त होगी। यहां पर श्रीजी का अभिषेक संपन्न होगा। तत्पश्चात प्रात 11.30 बजे से श्वेताम्बर जैन समाज देवास का स्वामी-वात्सल्य का आयोजन मण्डी धर्मशाला पर होगा।

नेत्रहीन बालक बालिकाओं तथा वृद्धाश्रम एवं हामूखेड़ी कुष्ठ धाम पर निराश्रितों को भोजन करवाकर अन्नदान किया जावेगा। रात्रि को सभी जैन मंदिरों में भक्ति भावना के विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। नगर के जिनालयों पर विशेष विद्युत सज्जा एवं सजावट की जायेगी।महावीर जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष विजय जैन एवं पदाधिकारी शैलेन्द्र चौधरी, मनीष जैन,अतुल जैन, संजय कटारिया, नितिन जैन, पारस जैन, विकास जैन, मुकेश चौधरी, विशाल जैन, रिंकेश जैन, निलेश जैन, पंकज चौधरी एवं पारस जैन ने कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में प्रेक्षकों को दायित्वों और भूमिका से कराया अवगत





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। माइक्रो ऑब्जर्वरस को ईवीएम व वीवीपेट मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को डॉ. एस.पी.एस. राणा (एनएलएमटी) ने मतदान सामग्री प्राप्ति स्थल पर सामग्री प्राप्त करने के समय किये जाने वाले कार्यों, निर्धारित वाहन से मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद किये जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों, मतदान से 90 मिनट पूर्व नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यूनतम दिखावटी मतदान की प्रकिया के संबंध में जानकारी दी।

प्रशिक्षण में डॉ. राणा ने मतदान के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों को बताते हुये इकाइयों को बदलने की स्थिति में भरे जाने वाले प्रपत्रों को समझाया। डॉ. संजय गाडगे ने ईवीएम से संबंधित विभिन्न इकाइयों के कार्य एवं विशेषताओं के संबंध में जानकारी दी। डॉ. ममता शाक्य ने माइक्रो आब्जर्वर से संबंधित कार्य एवं प्रपत्र को भरने का तरीका समझाया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थीयों की शंकाओं का समाधान किया गया।

#### बागली में भी दिया प्रशिक्षण

लोकसभा निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता व सहायक रिटर्निंग अधिकारी आनंद मालवीया के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी डा समीरा नईम के नेतृत्व में जनपद सभागृह बागली में मास्टर ट्रेनर एन एस भंडोले, वारिस अली, विक्रम परमार ने नियुक्त 53 माइक्रो आब्जर्वरो को शुक्रवार को प्रातः 10:30 से 4:30 बजे मतदान दिवस पर सूक्ष्म अवलोकन के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनरो के द्वारा परस्पर संवाद कायम कर प्रशिक्षणार्थियों के हर प्रति प्रश्नों का संतोष प्रद जवाब दिया गया। प्रशिक्षण प्रभारी जनपद सीईओ राजू मेढा के मार्गदर्शन में निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा,गुलजारी बाथरी, जुगल अमडावदिया तथा विक्रम सिंह के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था संचालित की गई। यह जानकारी चावड़ा ने प्रदान की। निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर सभी बैंकों के अधिकारियों को बनाया गया है।

खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य केंद्र व संजीवनी क्लिनिक का निरीक्षण

**सीहोर।** भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 व 16 अप्रैल, को जिले के अनेक स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण यिा गया। भारत सरकार की टीम में डॉ राघुराम राव एडीजी एनटीईपी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंज एवं संजीवनी क्लिनिक मंडी सीहोर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आष्टा, लासूलिया परिहर, मोगरा राम स्वास्थ्य केन्द्रों का टीम द्वारा स्वास्थ्य सूचकांक केआधार पर निरीक्षण किया गया जिसमें शहरी स्वास्थ्य संस्था पर 12 1- सामान्य रोगों का परामर्श, मुख संबंधी रोग, परामर्श सेवाएं, मातृ स्वास्थ्य एवं प्रशामक स्वास्थ्य, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, निः शुक्ल जॉच, दवा एवं रैफरल सुविधा, संक्रामक रोग प्रबधंन, किशोर-किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, असंचारी रोगों की रोगथाम, आपातकालीन सेवांएआदि का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर डेहरिया ने जानकारी दी कि भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता, एवं फीडबैक लिया गया जिसमें मरीज का भी फीडबैक लिया गया आशा एवं एएनएम के प्रोग्राम की की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया। दिल्ली द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया जिला स्तर से शहरी नोडल अधिकारी डॉक्टर आदि उपस्थित थे।

### अहमदपुर में दो दिन से बंद पड़ी है नल-जल योजना

# ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्रामीण पानी के लिए हो रहे परेशान





गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट बढ़ने लगा है। ग्रामीण दूर दराज से पानी लाने को मजबूर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी का संकट हो गया है ग्राम पंचायत की नल जल योजना का बाल खराब हो जाने के कारण अहमदपुर में 2 दिन से ग्राम में नल जल योजना से जल सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को इधर-उधर भटक कर पानी ढोने के लिए बेबस होना पड़ रहा है जब भी गांव में कोई धार्मिक त्यौहार आता है। जब नल जल योजना जरूर खराब होती है जिससे गांव में पीने के पानी को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है और गांव वाले मोटरसाइकिल से अपने निजी वाहनों से पानी ढोने को बेबस है एक-एक किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए परेशान है इसके बाद भी ग्राम पंचायत अहमदपुर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है अनेक ग्रामीणों ने इस बारे में बताया है कि पंचायत नल जल योजना पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है।

ग्राम के निवासी रिजबान उददीन, शुभम गुप्ता, गणेश शर्मा ने बताया की बाल खराब हुए 2 दिन हो गए हैं। मगर ग्राम पंचायत अहमदपुर द्वारा उसे ठीक नहीं करवाया जा रहा है। जिससे गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। देर रात तक ग्रामीणों को इधर-उधर 1 किलोमीटर दूर से कहीं खेत खलियानों से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। अपनी प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण पीने के पानी का इंतजाम रात्रि में पूरी रात जागकर इधर-उधर से पीने का पानी ला रहे हैं।

### हर बार बिगड़ते है हालात

ग्रामीण शुभम गुप्ता ने बताया कि दो दिनों से नल जल योजना से पानी की सफ्लाई ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की गई है। जिस कारण से अहमदपुर में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम पंचायत अहमदपुर गांव में किसी भी कार्य में जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। ना ही सरपंच आशीष कुमार का इस ओर कोई ध्यान है। त्योहारों पर ही इस तरह की समस्याएं ग्राम पंचायत अहमदपुर में अक्सर उत्पन्न होती हैं।

### वॉल हुआ खराब

रिजबान उददीन ने बताया कि दो दिनों से नल नहीं आए हैं जब इस बारे में पता किया तो पता चला कि दो दिनों से बाल खराब हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है ग्राम पंचायत का इस ओर जरा भी ध्यान नहीं है

### वॉल ठीक करने भेजा भोपाल

ग्राम पंचायत अहमदपुर के सरपंच आशीष कुमार ने बताया किपाइपलाइन के वॉल खराब हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। नल कर्मचारी इरफान उर्फ डेबिट को आज वॉल लेकर भोपाल सुधरवाने के लिए भेजा है। शाम तक ही बाल ठीक करा कर गांव में पानी की सप्लाई शुरू करने की कोशिश की जाएगी।

# वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने वाली दुकान पर पुलिस ने मारा छापा

### 23 गैस सिलेंडर किए जब्त



**आष्टा।** सीहोर रोड पर दरगाह के आगे ताज मारुति सेंटर पर छापा मारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर में सैकड़ो वहां जिसमे से कुछ वैध ओर अधिकांश अवैध रूप से गैस किट के माध्यम से चल रहे हैं। इन वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने के कई स्थान आष्टा में संचालित है,जहां इन वाहनों में जान जोखिम में डाल कर अवैध रूप से गैस भरी जाती है। कल ऐसे ही एक सेंटर पर अवैध रूप से वाहनों में गैस भरने की मुखवीर से आष्टा पुलिस को सूचना मिली।

सूचना पर एसआई दिनेश यादव के नेतृत्व में आरक्षक मेहरबानसिंह, आरक्षक रामबाबू ने सीहोर रोड पर दरगाह के आगे ताज मारुति सेंटर पर छापा मारा । छापे के दौरान उक्त ताज मारुति सेंटर से पुलिस ने इंडियन गैस के दुकान में रखे 14 खाली एवं 9 भरे घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये। सेंटर पर से ही पुलिस ने चुपहिया वाहनों में गैस भरने वाली एक रिफिलिंग मशीन भी जप्त की गई। आरोपी ताज मारुति सेंटर का संचालक राशीद पिता अब्दुल अज़ीज़ मेवाती निवासी किला उम्र 38 वर्ष के खिलाफ पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। आष्टा पुलिस ने जिस ताज मारुति सेंटर से इंडियन गैस के 23 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये,ये निश्चित रूप से एक बड़ा मामला है।

आखिर एक ही स्थान पर 23 गैस सिलेंडर कैसे पहुंचे। यह गैस सिलेंडर किन किन उपभोक्ताओं के नाम से है, जिन लोगों के नाम यह गैस सिलेंडर है क्या वह अपने भरे हुए गैस सिलेंडर इस मारुति सेंटर को अधिक राशि लेकर सप्लाई करते हैं.? या यह 23 गैस सिलेंडर इनके पास अवैध रूप से सप्लाई हुए हैं.? यह एक बड़ी जांच का विषय है । सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आष्टा में ऐसे कई परिवार है जिनके यहा अतिरिक्त सिलेंडर है वे भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर ऐसे सेंटरों को अधिक राशि ले कर देते है ।

वही नगर में एक ऐसा भी रैकेट सक्रिय है जो इस तरह का कार्य करता है। पुलिस,प्रशासन,एवं आपूर्ति विभाग को चाहिये कि वो जप्त इन घरेलू गैस सिलेंडरों के मामले में तह तक जाये कि आखिर इसको लेकर वो कौन है जो ये अवैध सप्लाय करता है। कल देर शाम को पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही ने आपूर्ति विभाग की भी पोल खोल दी है कि वो अपने विभाग के अंतर्गत आने वाले कार्यो के प्रति गम्भीर नही है.?

## तिरंगे के साथ लगाया दूसरा ध्वज ध्वज संहिता का किया उलंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जावर तहसील के ग्राम मुरावर में एक टावर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ एक अन्य ध्वज सील कर मोबाईल टावर के सबसे ऊपर लगाने का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन व पुलिस विभाग हरकत में आ गया। सोशल मीडिया पर उक्त जुड़वा ध्वज पूरी तरह से ध्वज संहिता का खुला उलंघन के साथ अपराध की श्रेणी में माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुचा। सूत्रों ने बताया कि उक्त झंडे में ऊपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाया और उसके नीचे एक अन्य झंडा सिला हुआ है। मौके पर पहुची पुलिस ने झंडे को उतरवा लिया है। पुलिस को जानकारी लगने के बाद जावर से पुलिस मौके पर पहुंची ओर मुरावर में मोबाइल टावर पर लगे उक्त झंडे को एक युवक को चढ़ाया ओर लगा झंडा उतरवाया गया। पुलिस ने उक्त झंडे को अपने कब्जे में लिया है। एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई कि किसी ने ग्राम मुरावर में टावर पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ जोड़ कर एक ओर झंडा लगाया है,सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई है,एक ओर टीम जा रही है,इस मामले में जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी वो की जायेगी।

## मेरी चौखट पे चलकर चारों धाम आए हैं, अवध में भगवान राम आए हैं....

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रकटोत्सव पर बुधवार पर नगर व आसपास का क्षेत्र में सुबह से ही मंदिरों और घरों में प्रभु श्री राम का पूजन आरंभ हो गया। कन्या भोज के साथ हवन आरती का आयोजन किया गया। नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें राम भक्त मीना की धुन पर खूब नाचे, तत्पश्चात नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर से नगर के प्रमुख मार्ग पर होता होते हुए चल समारोह निकाला गया, प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, जय श्री राम के जय घोष से पूरा वातावरण राममय हो गया । नवमी पर लक्ष्मी चौक पर महा आरती का आयोजन रखा गया, इस दौरान देवी मंदिरों में विविध अनुष्ठान हुए, श्री राम के प्रकट उत्सव पर श्री राम मंदिर समिति एवं राम भक्तों के नेतृत्व में श्री राम मंदिर से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर जल समारोह का स्वागत किया गया, एवं प्रभु श्री राम की चल समारोह में आरती उतारी गई, चल समारोह कुंडी चौक पर आरती का आयोजन किया गया।

### शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत

शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया, इस दौरान समिति के सदस्यों का साफा बांधकर एवं चल समारोह में प्रभु श्री राम की आरती की गई। आरती में राम भक्तों ने प्रभु श्री राम की आरती उतारी एवं भजन गाय मेरी चौखट पर चलकर चारों धाम आए हैं अवध में राम आए हैं।

### महाआरती का आयोजन

नगर व आसपास का क्षेत्र में सुबह से ही मंदिरो में राम भक्त पहुंच रहे थे। नवरात्रि का अंतिम दिन पर हवन पूजन माता मंदिरों में सुबह से ही चल रहा था, नगर के मंदिर आकर्षित झिलमिल रोशनियों से सजे पंडाल में जगह-जगह महा आरती में छप्पन भोग के रखी गई। माता मंदिर पठार ,माता मंदिर बड़ाबाजार ,माता मंदिर बस्टेण्ड पर कन्या भोज कराया गया वहीं नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई, लक्ष्मी चौक पर 56 भोग महाआरती का आयोजन रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया गया।

### झिलमिल रोशनी से सजे मंदिर

नगर व आसपास के क्षेत्र में झिलमिल रोशनियों से सजे मंदिर आकर्षण का केंद्र बन रहे थे एवं भक्तों का ताता लगातार लगा हुआ था भक्ति में पूरा नगर डूबा हुआ था नवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ के धूम अलग ही आकर्षण का केंद्र बनीरहती है।

## राठौर मंदिर चौराहा पर हुआ कन्याभोज



**आष्टा।** चेत नवरात्रि पर राठौर मंदिर चौराहे पर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार सातवे वर्ष नवरात्रि महोत्सव मनाया गया। इस दौरान नवमी के बाद अगले दीन दशमी पर कन्या भोज अयोजित किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में छोटी छोटी कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आपको बता दें समिती के सुरेश कुशवाहा और नरेंद्र कुशवाहा पहलवान सहित सभी सदस्य नवरात्रि महोत्सव में माता की भक्ति भाव में डूबे रहते हैं।

## कुशवाहा समाज ने पालकी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ श्री राम जन्मोत्सव पर सांई नाथ बाबा मंदिर समिति ने हवन आहूति कर मंदिर प्रमाण में भंडारे का आयोजन किया। सांई बाबा की पालकी नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह के रूप में निकाली गई।

नगर भ्रमण के पश्चात कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने भगवान सांई नाथ की पालकी के दर्शन कर पूजन आरती की। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने सर्वप्रथम धर्मअधिकारी पंडित गजेंद्र शर्मा का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। सांई मंदिर समिति के मुखिया कांतिलाल पटेल, हरिओम सोनी, रवि सोनी, सीताराम यादव, नितिन जैन, नीलू दीक्षित, गोपाल कुशवाहा, पवन मोटवानी, जीतू मोटवानी, दीपक सिंधी, प्रकाश परसाई, भगवती सोनी का आशा प्रकाश कुशवाहा, ज्योति अशोक कुशवाहा ने दुपट्टा डालकर स्वागत किया।

निकाली गई समस्त सांई बाबा समिति का पुष्पमाला व साफा बांधकर प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मान कुशवाहा समाज तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कुशवाहा समाज युवा संगठन जिला अध्यक्ष रवि कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल, प्रकाश कुशवाहा मामा, शुभम कुशवाहा ने स्वागत सम्मान किया।

## राम नवमी पर मनाया भगवान राम का जन्मोत्सव, मंदिरों में हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

रामनवमी का पर्व राम जन्मोत्सव खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोला गांव, बड़घाटी, छापर, बड़कोला, लसूडिया, कन्नौज शिवजी, रामपुरा, नौगांव, बापचा सहीत पूरे ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। वही ग्राम के दुर्गा मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। उसके पश्चात ठीक 12:00 बजे भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया। जहां ग्राम वासियों ने भगवान राम की आरती कर प्रसादी ग्रहण की।

## खाचरोद की भांजी तनु जाट ने यूपीएससी परीक्षा में प्राप्त की 450वी रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट की भांजी तनु जाट जो देवास जिले के खातेगांव तहसील के ग्राम कवलाशा के जाट किसान महेश भादू, बसंता भादू की बेटी है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 450 वि रैंक प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर उनके मामा परिवार द्वारा ग्राम खाचरोद में उनका स्वागत सम्मान रखा गया। जिसमें उनको गाड़ी में बिठाकर बैंड बाजो के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा। जहां रास्ते भर ग्राम वासियों द्वारा ग्राम की भांजी का हार पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। वही उन्हें ने बधाइयां दी गई। वही उनके मामा परिवार द्वारा सुरुचि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। तनु जाट कक्षा 1 से 8 तक ग्राम खाचरोद के स्कूल में ही पड़ी है। उनकी उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने तनु जाट को बधाइयां दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राम नवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए विधायक

# राम आस्था है, विश्वास है, राम कर्ता भी हैं कारक भी: विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम भंवरा में ईलाही माता मंदिर में कांगड़ महा आरती में शामिल होकर दर्शन कर ग्राम भंवरा और अनेकों अनेक श्रद्धालुओ को महानवमी की बधाई दी। इसी क्रम में आष्टा नगर में सेंधव छतरी राजपूत युवा संगठन द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य चल समारोह का स्वागत वंदन किया। मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान राम द्वारा बताए गए मार्ग पर चल कर अपने जीवन को सफल बनाएं। राम इस सृष्टि के श्रजन हार के साथ हमारे आदर्श और मार्गदर्शक भी हैं। आष्टा नगर के मुख्य श्री राम मंदिर बुधवारा में पहुंचकर आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया। आष्टा नगर के साई कालोनी वार्ड क्रमांक 18 व बजरंग कालोनी में आयोजित भंडारों में शामिल होकर स्थानीय समितियों को सफल आयोजन की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी राम नवमी की धूम रही। ग्राम चनखल में आयोजित स्थानीय आयोजन में शामिल होकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्रभु श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम जी ने निषाद राज को अपना मित्र बनाया मां शबरी के झूठे बेर खाए उन्होंने कभी भी अपने जीवन में अहंकार को नही पनपने दिया वे एक मर्यादा पुरुषोत्तम बन कर अपना राज्य वर्षो तक चलाया। विभिन्न कार्यक्रमों में वरिष्ठ समाजसेवीयो के साथ स्थानीय लोग उपस्थिति रहें।

## 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के दौरान स्थाई वारंटी पकड़ने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग व आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय के नेतृत्व में 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। 17 अप्रैल को आदर्श आचार संहिता के पालन में कई वर्षों से फरार स्थाई वारंटी तलाश में मुखबिर लगाकर दबीस देकर न्यायालय आष्टा से जारी स्थाई वारंट स्थाई वारंटी मुकेश पिता मदनलाल उम्र 25 साल जाति मालवीय निवासी कजलास रोड जावर को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। कार्रवाई में निरीक्षक आर.एन. मालवीय, उनि बीएल वर्मा, आर 278 पवन, आर 624 मनोज, आर 55 अनिल, आर 650 देवेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है।

दो राज्यों को मिलाने वाले बस स्टैंड पर प्रतिक्षालय के अभाव में धूप में तपते यात्री

# लोकार्पण के बाद बस स्टैंड बना शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर नगर के बस स्टेंड से सोयत, भोपाल, इंदौर एवं झालावाड़ राजस्थान से संपर्क रोड़ जुड़े हुए हैं जिससे माचलपुर बस स्टेंड पर हर रूट के यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने हेतु बसों के इंतजार में बैठे रहते हैं।

लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि माचलपुर बस स्टेंड पर यात्रियों को सिर छुपाने के लिए एक अदद यात्री प्रतीक्षालय भी नसीब नहीं हैं जिसकी वजह से यात्री तपती धूप में इधर उधर कहीं किसी होटल में ,तो कहीं अन्य दुकानों के सामने बैठे दिखाई देते हैं जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।




## प्रतिक्षालय तोड़ बनाई दुकानें

माचलपुर नगर में जहां पर वर्तमान में बसें खड़ी होती है वहां पहले एक यात्री प्रतीक्षालय निर्मित था लेकिन नगर परिषद द्वारा अपनी आर्थिक आमदनी बढ़ाने के लिए यात्रियों को सुविधाओं से ही वंचित कर दिया। जहां प्रतिक्षालय था उसे तोड़कर वहां दुकानों का निर्माण कर दिया जिससे यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में इधर उधर भटकते रहते हैं। यात्री सुविधाओं के नाम पर यहां एक सार्वजनिक सुलभ शौचालय हैं जिसमें भी अक्सर साफ सफाई का अभाव रहता है। वहीं कथित बस स्टेंड पर एक सार्वजनिक मूत्रालय है वह भी ढंग का नहीं है। इस मूत्रालय में पुरुष वर्ग के भाग में एक पत्थर की पट्टी लंबे समय से टूटी हुई है।

## सांसद ने किया था लोकार्पण

विकास के नाम पर यहां मसानिया तलाई पर 50 लाख रुपए की लागत से नगर परिषद द्वारा नवीन बस स्टेंड बनाया है जिसका विधानसभा चुनाव 2023 के पहले सांसद रोड़ मल नागर के कर कमलों से लोकार्पण भी कर दिया गया लेकिन बस स्टेंड का लोकार्पण कागजों तक सीमित रह गया। अभी तक यह नवीन बस स्टेंड महज शो पीस बना हुआ है। 22 सितंबर सन-2021 से चल रहे इस नवीन बस स्टेंड के विकास कार्य के यह हाल है यहां भी नगर परिषद द्वारा यात्रीयों की सुविधाओं से ज्यादा अपनी आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दिया गया। नवीन बस स्टेंड पर नगर परिषद द्वारा अपनी आमदनी के लिए 10 दुकानों का निर्माण किया गया। जबकि लोकार्पण होने के बावजूद इस नवीन बस स्टेंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय एवं मूत्रालय के निर्माण का नामोनिशान भी नहीं है।

## गुणवत्ता के हाल बेहाल

माचलपुर नगर में मसानीया तलाई पर बने नवीन बस स्टेंड के लोकार्पण होने के बाद इसे शुरू नहीं करना अलग बात है। लेकिन इस बस स्टेंड का निर्माण कार्य कितनी गुणवत्ता से किया गया इस बात का अंदाजा आप यहां चबूतरे की निकली पट्टियों से लगा सकते हैं। यहां चबूतरे की अभी से एक साइड की दो जगह पट्टियां निकल गई है। वहीं इधर-उधर इतनी गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं, जिससे लगता ही नहीं कि यह नवीन बस स्टैंड है।

### सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे

यह सही है कि नवीन बस स्टेंड का लोकार्पण हो चुका है। लेकिन वहां अभी शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने पर शीघ्र वहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराकर बस स्टेंड शुरू कर दिया जाएगा।

**मनोज नामदेव**
सीएमओ नगर परिषद माचलपुर

# तात्याटोपे की निशानी वाले गेट की मरम्मत भूली नपा व पुरातत्व विभाग

## पूरी तरह से डैमेज हो चुका है इतवारिया गेट का एक हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में अनेक स्थानों पर रियासतकालीन इमारतें, धरोहरें पुरातात्विक अनदेखी का षिकार हो रही हैं। अनदेखी का इसी तरह का नजारा इतवारिया गेट है जिससे क्रांतिकारी तात्याटोपेजी की भी यादें जुड़ी हुई हैं। इस गेट के एक हिस्से को पिछली परिषद के समय दीवार से सटाकर रखवा दिया गया था। तभी से उक्त गेट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कुछ माह पूर्व इस गेट की मरम्मत का काम नगर पालिका ने भी अपने मद से करवाने की बात कही थी। उस बात को भी करीब सात से आठ माह होने को है लेकिन गेट अभी भी अपनी दुर्दषा पर आंसू बहा रहा है। पूरी तरह से खराब हो चुके गेट की मरम्मत लकड़ी के अच्छे कारीगरों से करवाई जाए तो यह पुर्नस्थापित भी करवाया जा सकता है।



### तात्याटोपे मारकर गए थे गोला

उल्लेखनीय है कि आजादी के पूर्व जब तात्याटोपे स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते हुए अलग-अलग राजाओं, रियासतों से सहयोग मांग रहे थे। जब उनका राजगढ़ रियासत से गुजरना हुआ था तो उन्हें यहां से अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाई। इससे आक्रोषित होकर उन्होंने राजगढ़ में प्रवेष के इस इतवारिया गेट पर एक गोला दागा था। उस गोले के विस्फोट से गेट में बड़ा होल भी हुआ था।

## रैली निकालकर मतदान का दिया संदेश

सुठालिया। गुरुवार दोपहर कन्या हाई स्कूल और नगर परिषद ने स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार सीएमओ इकरार अहमद नपा कर्मीयो ने शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य छात्राओं के साथ रैली निकाली। रैली निकालकर मतदान रूपी महायज्ञ को अपने मत की आहुति से अभियान को सफल बनाएंगे।

# बदलते मौसम ने अस्पताल में बढ़ाए उल्टी-दस्त के मरीज

## समस्या से निजात-भर्ती मरीजों को अब चिकित्सक का नहीं करना पड़ेगा इंतजार

सारंगपुर। शासकीय सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब चिकत्सक के इंतजार में न तो इधर उधर भटकना पड़ेगा और न ही भर्ती पर्चे के लिए नर्सों के पास जाने की आवश्यकता होगी। बता दे की अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को चिकत्सक को दिखाने के लिए पहले ड्यूटी नर्सों से उपचार लिखे पर्चे के लिए जद्दोजहद करना होती थी, बाद में कही जाकर दिखाए हुए डॉक्टर के पास उसका उपचार लिखा जाता था। किंतु अब अधीक्षक मनीष चैहान ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए डाक्टरों को निर्देश दिए है की भर्ती मरीजों का तत्काल इलाज शुरू किया जाए बाकी कागजीपूर्ति ड्यूटी नर्स के जिम्मे रहेगी।




### एमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर भी देखेंगे भर्ती मरीज

अधीक्षक चैहान ने पदस्थ सभी डॉक्टरों को निर्देश दिए है की फिलहाल अस्पताल में मौसमी बीमारी से ग्रसित उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। अगर ऐसे में किसी भर्ती मरीज को उपचार की आवश्कता पढ़ती है तो उसे एमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर को देखना होगा। बता दे की अस्पताल में पदस्थ नर्सों द्वारा मरीजों को अन्य चिकत्सक को दिखाने पर उपचार पर्चा मरीजों को नही दिया जाता था और न ही ड्यूटी डॉक्टर को मरीज को हो रही परेशानी से अवगत कराया जाता था, जिसके चलते अधीक्षक ने मरीजों की सुविधा के लिए यह निर्देश जारी किए है।

# बाइक पर अवैध कच्ची शराब परिवहन करते एक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

### केंट थाना पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान मिली सफलता

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त कारोवारियों पर कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना ज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में केंट थाना पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान बाईक पर अवैध कच्ची शराब परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 17 अप्रैल 2024 के दोपहर में केंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा ऊमरी रोड़ स्थित ग्राम भवपुर की पुलिया के पास वाहन चैकिंग की जा रही थी, इस दौरान ऊमरी तरफ से एक पल्सर मोटर सायकिल पर दोंनो तरफ प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनें लटकाये हुए एक व्यक्ति आता दिखा, जिसने पुलिस चैकिंग को देखते ही अपनी मोटर सायकिल को एकदम वापस से मोड़कर भागना चाहा, जिसके संदिग्ध लगने पर पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछा व घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम अयान पुत्र लालू पठान उम्र 20 साल निवासी ग्राम पिपरौदा खुर्द थाना केंट गुना का होना बताया । जिसके पुलिस को देखकर इस तरफ मोटर सायकिल मोड़कर भगने पर उसे संदेही जानकर पुलिस द्वारा जिसकी तलाशी गई तो उसकी मोटर सायकिल पर बंधी हुई दोंनो केनों में हाथ भट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई । आरोपी के कब्जे से बरामद 60 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं उक्त शराब परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकिल को पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी अयान पठान को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध केंट थाने में अपराध क्रमांक 400/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । अवैध शराब के विरूद्ध केंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, सउनि मिट्ठूलाल विसौरिया, आरक्षक अर्जुन यादव, आरक्षक विनोद धाकड़ एवं आरक्षक जितेन्द्र वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# मतदाता साक्षरता अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

सारंगपुर। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा मतदाता साक्षरता हेतु महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोइया द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य, महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्र छात्राओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाई गई। मतदाता नोडल अधिकारी प्रो. संगीता गुप्ता द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य, महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को सी विगिल ऐप डाउनलोड करवाया गया तथा साक्षरता क्लब के मेंटर शिक्षक डॉ शिवराजसिंह राठौर द्वारा सभी सदस्यों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया।

# सराना में निशुल्क विवाह कार्यक्रम हुआ सपन्न



कुरावर। गुरु स्थापना एवं निशुल्क कन्या विवाह सेवा समिति के लोगों द्वारा झंडा वंदन किया गया। इसी के साथ समिति के लोगों द्वारा बताया गया है कि विगत 2023 वर्ष में रविदास गुरुकुल आश्रम में गुरु महाराज की स्थापना रखी गई थी, और उसी के उपलक्ष में आने वाले 5 वर्ष तक हम इसी प्रकार का कार्य करते रहेंगे तथा वही साथ में जो गरीब वर्ग रहता है जो अपनी कन्याओं का विवाह करने में अर्समथ रहते हैं इसी कन्याओं का निशुल्क विवाह करने का हमारी समाज के लोगों द्वारा यह बीड़ा उठाया गया है। और इसको आने वाले 5 सालों तक इसी प्रकार से मनाया जाएगा एवं इसमें सभी समाज के लोगों की ओर से पूरी भूमिका रहेगी और सभी लोग यही चाहते हैं कि हमारा वर्ग ऊपर उठे और खर्चे से बचने का प्रयास करें एवं वही हम समिति के लोगों द्वारा चंदा इकट्ठा करके कोई आर्थिक सहायता लेकर हम कन्याओं का पर पूजन कर सके तथा और हमारी समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि लड़को की गुरु महाराज की स्थापना के उपलक्ष में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम गुरुकुल आश्रम सराना में निशुल्क विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

# सकल पंच फूलमाली समाज ने धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

## भाजपा कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी हुए शामिल, निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सकल पंच फूल माली समाज के 6 मोहल्लो की पंचायतो के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसके तहत बुधवार रात्रि को समाज के सभी मोहल्ला बागकुआ टंकी, मुकेरवाडी, भैरूदरवाजा, पछेटवाडी,किडी,खारीया के मंदिरों में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। साथ ही कही छप्पन भोग लगा कर तो कही दीपोत्सव मनाकर महा प्रसादी का वितरण किया गया।

वही गुरुवार को चेति दशहरा के पावन पर्व पर नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया जिसके अंतर्गत समाज के सभी मोहल्लों से अखाड़े अपने नियत मार्ग से होते हुए गाँधी चौक पहुँचे। साथ ही भगवान के विमान एवं भजन मंडलिया तथा झाँकियों के साथ सबसे पहले समाज के युवा समाजसेवी राजेश पुष्पद घोडे पर सवार हाथ मे भगवा ध्वज थामे चल रहे थे। चल समारोह ढोल ढमाके के साथ गांधी चैक से प्रारंभ होकर सदर बाजार महाकाल चैराहा त्रिपोलिया गली मंडई चोक जामा मस्जिद रंगेरवाडी होते हुए बागकुआ टंकी स्थित समाज की धर्मशाला में पहुँच कर



### भाजपा कांग्रेस दोनो प्रत्याशी हुए शामिल

फूल माली समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह में लोकसभा चुनाव मे भाजपा उम्मीदवार सांसद रोडमल नागर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य भाजपा नेता चल समारोह में शामिल हुए वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपने जिले के नेताओं के साथ चल समारोह में शामिल हुए।

# पूर्णाहुति के साथ हुआ नौ कुंडीय रुद्र महायज्ञ का समापन, हजारों भक्तों ने ली महाप्रसादी

ब्यावरा। समीपस्थ ग्राम भगोरा में नवरात्रि महोत्सव के दौरान धार्मिक स्थल मदागन आश्रम पर ग्रामीणों द्वारा नौ कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन किया गया। जिसका समापन रामनवमी को पूर्णाहुति के साथ किया गया। इस मौके पर भगोरा गांव सहित आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति की महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया एवं महाप्रसादी ग्रहण की। यज्ञ के आयोजन में आचार्य बनवारी शर्मा भगोरा द्वारा वेद मंत्रोचारण के साथ 47 यजमानों द्वारा जोडों के साथ सवा लाख आहुतियां विश्व शांति एवं गांव सहित क्षेत्र की खुशहाली के लिए दिलाई गई। इसी आयोजन में कथावाचक पं.प्रहलाद शर्मा धानियाखेड़ी वाले के मुखारविंद से राम कथा का प्रवचन दिया गया। जिसका हजारो लोगों ने श्रवण कर धर्म लाभ लिया। यज्ञ आरम्भ से पूर्व प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ भव्य चल समारोह पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल मदागन आश्रम पर पहुंचा।



## गायत्री मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद कुरावर के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर के गायत्री मंदिर में हवन एवं कन्या भोज आयोजन के अवसर पर नगर परिषद कुरावर में मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ ग्रहण कराई गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर परिषद कर्मचारी मनोज शर्मा कैलाश पवार दौलत सिंह मीणा अरुण चंद्रवंशी एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

जिम्मेदार बोले- नहीं हुए दिसंबर व जनवरी के बिल पास, दुकानदारों ने सामान देना किया बंद

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 2 महिनों से प्रसूताओं को नहीं मिल रहा जरूरी भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासन ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रसव के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर भोजन देने की योजना बनाई गई है। राजगढ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में महीने भर से प्रसूता महिला को मिलने वाला भोजन नहीं मिल रहा है।और डिलीवरी कराने आए महिलाओं को भूखा रहना पड़ रहा है या घर से भोजन की व्यवस्था करानी पड़ रही है। नियमतः डिलीवरी कराने आई महिलाओं को अंडा और दूध तो छोड़िए दाल-रोटी भी नसीब नहीं हो रहा।

जिसमें उन्हें नाश्ता और दो समय का खाना और पौष्टिक आहार जैसे दूध, काजू, किशमिश के लड्डू, रोटी, हरि सब्जी और अन्य पौष्टिक आहार दिया जाना होता है। जिसमे 100 रुपये से अधिक की राशि शासकीय योजना के तहत शासन प्रदान करती है, जो कि कुल 100 रुपये से अधिक का बजट एक प्रसूता महिला के लिए शासन द्वारा दिया जाता है। बजट होने के बावजूद उन्हें खाना क्यों नहीं दिया जा रहा यह समझ से परे है।बताना लाजमी होगा कि उक्त सामूदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ा में महीने भर में करीबन 30 से 40 महिलाओं का डिलीवरी होती है। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है तो उसे पोषणयुक्त दोपहर व रात्रि भोजन और सुबह का नाश्ता निशुल्क देने का प्रावधान है



### *बिलों का भुगतान न होने के कारण नहीं मिल पाया प्रसूताओं को भोजन*

*इस बारे में 'डॉ.धर्मेन्द्र वामनी',मेडिकल ऑफिसर बोडा ने बताया कि हालात यह है कि दिसंबर 23 और जनवरी 24 में जिन प्रसूताओं को भोजन बांटा गया था उसके किराना, दूध, आदि सामग्री के बिलो का भुगतान ऊपर से न होने के कारण अस्पताल में प्रसूता को भोजन देना बंद है। दुकानदारों ने अस्पताल में समान देना बंद कर दिया है ,उनका पेमेंट ऊपर से नही होने के कारण। इसलिए वैकल्पिक तौर पर रोगी कल्याण समिति से फरवरी, मार्च में व्यवस्था की गईं थीं और आगे भी भोजन व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे हे। जैसे ही नरसिंहगढ़ से पेमेंट होगा वैसे ही भोजन व्यस्वथा सुचारू रुप से चालू करवा दी जाएगी।*

## बोलीं प्रसूताएं



### केस 1

प्रसूति महिला रचना ने बताया की बोड़ा अस्पताल में मेरी डिलेवरी हुए तीन दिन हो चुके है। मैं अस्पताल मै भर्ती हूं मुझे खाने में कुछ नहीं मिला है चाय, दूध, दाल रोटी कुछ भी नहीं।



### केस 2

प्रसूति महिला प्रियंका रंजितपुरा ने बताया की बोड़ा सरकारी अस्पताल में भोजन कुछ भी नहीं मिला है न चाय, न नाश्ता,न भोजन मिला है। होटल से मंगवाकर खा रहे हैं।



### केस 3

प्रसूति महिला शोभा भिलाला ने बताया कि 1 दीन हो गया। खाने के लिए कुछ भी नहीं मिला है। न चाय, नाश्ता, खाना, कुछ नहीं मिला। प्रसूति महिला अटेंडर रामकन्या ने बताया की तीन दिन होने वाले वाले मेरी बहु को खाने को कुछ भी नहीं मिला है। बाहार से व्यवस्था कर रहे हैं।

### पता करवाता हूं क्यों नहीं मिल रहा भोजन

वहां तो भोजन मिलता है फिर भी चलो पता करता हूं, बोड़ा में प्रसूता महिलाओं को भोजन क्यों नहीं मिलता है।

**राजेंद्र कुमार अहिरवार**, सीबीएमओ नरसिंहगढ